पर्दा नहीं, काम आपको बड़ा बनाता है : प्राची

पहली बार धनबाद दौरे पर आई बॉलीवुड अभिनेत्री ने कहा-कामयाबी के लिए गॉडफादर की जरूरत नहीं

अभिषेक पोद्दार | धनबाद

हर कलाकार की तमन्ना होती है कि उसके काम की प्रशंसा हो, बड़े कलाकारों में उसका नाम शुमार हो, लोग उसकी तारीफ करें। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि वह बॉलीवुड या हॉलीवुड में ही काम करके उन्हें यह प्रसिद्धि मिल सकती है, इसके लिए छोटा पर्दा भी काफी है।

अच्छे कलाकार को कोई पर्दा नहीं, बल्कि उसका काम ही बड़ा बनाता है और प्रसिद्धि दिलाता है। यह कहना है टीवी अभिनेत्री और बॉलीवुड अदाकारा प्राची देसाई का। वह एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने रविवार को धनबाद आई थीं।

टीवी से लेकर बॉलीवुड तक नाम कमा चुकी हैं प्राची देसाई

प्राची का जन्म 12 सितंबर 1988 को सूरत में हुआ था। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने 'कसम से' सीरियल में बानी का किरदार निभाया। वह 'झलक दिखला जा-2' की विनर भी रही हैं। अब तक 7 फिल्में की हैं, जिनमें से तीन सुपरहिट रहीं।

हर घर में है एक कहानी

टीवी सीरियलों के बारे में उन्होंने कहा कि इसमें जो दिखता है, वह काफी हद तक सही भी है। सास-बहू टाइप के सीरियल का हरेक किरदार हर घर में देखने को मिलता है।

आइटम सांग में कोई बुराई नहीं

आइटम सांग के बारे में उन्होंने कहा कि यह कहीं से भी बुरा नहीं है। मुझे अब तक आइटम सांग करने का अवसर नहीं मिला। मिलने पर मैं जरूर करूंगी।

बॉलीवुड में छोटे शहरों की धाक

प्राची ने कहा-बॉलीवुड में छोटे शहरों की धाक बढ़ रही है। बड़े निर्देशक छोटे शहरों की कहानी और कलाकारों को लेकर फिल्म बना रहे हैं और वे सफल भी हो रही हैं।

कौन-कौन फिल्में

▪ रॉक आन ▪ वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई ▪ बोल बच्चन ▪ पुलिसगिरी।

कहीं नहीं मिला धनबाद जैसा प्यार

पहली बार धनबाद दौरे पर आई प्राची ने कहा कि वह देश के कई शहरों में घूमी हैं। लेकिन ऐसा प्यार उन्हें कहीं नहीं मिला। वह यहां हर बार आना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि मैंने धनबाद के बारे में काफी कुछ सुना था, लेकिन यह शहर उससे कहीं बढ़कर निकला। इस शहर और यहां के लोगों की जितनी तारीफ की जाए, कम है। यहां के लोग बहुत अच्छे हैं।